सं. 15/1/2004-सीसीआईसी
भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय

उद्योग भवन, नई दिल्ली,
12 मार्च, 2013

सेवा में,

राज्यों के मुख्य सचिव/ संघ शासित राज्यों के प्रशासक,
(संलग्न सूची के अनुसार)

विषय : सैंट्रल कॉटेज इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लि., नई दिल्ली में प्रबंध निदेशक के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना ।

महोदय/ महोदया,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत सैंट्रल कॉटेज इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लि., नई दिल्ली, जो कि अनुसूची 'ग' का एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, में प्रबंध निदेशक के एक पद को ₹ 65,000 - ₹ 75,000 (संशोधित/आईडीए) के वेतनमान में प्रतिनियुक्ति के आधार पर तत्काल भरा जाना है । प्रतिनियुक्ति की अवधि 5 वर्ष रहेगी ।

2. सैंट्रल कॉटेज इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लि., (सीसीआईसीआईएल) का गठन भारत तथा विदेशों में उत्पादों की बिक्री के माध्यम से कुटीर उद्योग को संवर्धित करने, विकसित करने, अनुदान तथा सहायता देने के उद्देश्य से भारतीय कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत किया गया था। सीसीआईसीआईएल वस्त्र मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन व्यापार एवं विपणन सेवा क्षेत्र में अनुसूची 'ग' का एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। इसका पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय नई दिल्ली में स्थित है। मार्च, 2011 की स्थिति के अनुसार कंपनी का पूंजीगत प्राधिकृत एवं प्रदत्त हिस्सा क्रमशः 12 करोड़ रु एवं 10.85 करोड़ रु था । कंपनी में भारत सरकार की शेयरधारिता 100% है ।

3. प्रबंध निदेशक निगम का मुख्य कार्यपालक है और इसके शासी बोर्ड तथा सरकार के प्रति जवाबदेह है । वह अपने कार्पोरेट उद्देश्यों तथा निष्पादन मानदंडों को प्राप्त करने के लिए निगम के कुशल कार्यकरण के लिए जिम्मेदार है ।

4. यह पद खोज-सह-चयन समिति के माध्यम से 5 वर्षों के लिए भरा जाना है । साक्षात्कार मई 2013 के 1 / 2 सप्ताह के दौरान आयोजित किया जाएगा ।

5. कार्य का संक्षिप्त विवरण तथा पद के लिए पात्रता आवदेन प्रपत्र सहित संलग्न है । ब्यौरा मंत्रालय की वेबसाइट www.texmin.nic.in पर भी उपलब्ध है ।

6. आपसे अनुरोध है कि इस रिक्ति को प्रचालित करने तथा इस मंत्रालय द्वारा पद के लिए चयन हेतु खोज-सह-चयन समिति के विचारार्थ निर्धारित प्रपत्र में पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों के आवेदनों को अग्रेषित करें। आवदेनों को सतर्कता अनुमति, 5 वर्षों की कैडर क्लीयरेंस सहित दिनांक **15 अप्रैल, 2013** तक **उप सचिव** (सीसीआईसी), वस्त्र मंत्रालय, कमरा सं. **266**, उद्योग भवन, नई दिल्ली-110011 को भेजा जाए ।

भवदीय,
ह0/-
(केशव कुमार)
भारत सरकार के उप सचिव

प्रतिलिपि प्रेषित (इसी तरह की कार्रवाई के लिए) :

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग ।
2. एनआईसी, वस्त्र मंत्रालय ।
3. सूचना बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय ।

केशव कुमार 12.3.13
(केशव कुमार)
भारत सरकार के उप सचिव